# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/संस्था/एफ–1/12102(221)/सी.भ/पु.अ. ग्रेड–III/2024–25 दिनांकः–यथाहस्ताक्षर

## ::विज्ञप्ति::

## पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा 2024 के अनुपस्थित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचनाः–

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती 2024 में अन्तरिम रूप से चयनित 1294 अभ्यर्थियों हेतु विभाग स्तर पर दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जाँच कार्य निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर (लक्ष्मी निवास पैलेस रोड़) में दिनांक 06.12.2025 से दिनांक 07.12.2025 तक किया गया। विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित सूची में वर्णित अभ्यर्थी उक्त दोनों दिवस पर विभाग के समक्ष दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जांच हेतु उपस्थित नहीं हुए। **अतः संलग्न सूची (विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध) के अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जांच हेतु विभाग द्वारा दिनांक 10.12.2025 को एक ओर अवसर प्रदान किया जा रहा है।**

विभागीय वेबसाईट https://education.rajasthan.gov.in/secondary एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की वेबसाईट **https://rssb.rajasthan.gov.in** पर **विस्तृत दिशा निर्देश, पात्रता जॉच के समय प्रस्तुत किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज एवं अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध है।**

**उक्त अभ्यर्थी दिनांक 10.12.2025 को** निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर में स्थित मुख्य प्रशासनिक भवन के कमरा नं. 11 में दस्तावेज सत्यापन हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। इसके पश्चात दस्तावेज सत्यापन का कोई अवसर नहीं दिया जावेगा।

**(सीताराम जाट)**
**आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं
पदेन अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.12.08 18:55:23 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19268326